This Question Paper consists of 53 questions and 20 printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में 53 प्रश्न तथा 20 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No. / अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

**Code No. / कोड नं० 69/SS/A**

**Set / सेट A**

# TOURISM
# पर्यटन
# (337)

Day and Date of Examination (परीक्षा का दिन व दिनांक) ........................................

Signature of Invigilators (निरीक्षकों के हस्ताक्षर) 1. ........................................

2. ........................................

***General Instructions :***

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Code No. 69/SS/A, Set A on the Answer-Book.
5. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Odia, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the questions will be yours only.
6. In case of any doubt or confusion in the question paper, the **English** version will prevail.



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

***सामान्य अनुदेश*** :

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र की कोड संख्या 69/SS/A, सेट [A] लिखें।

5. (क) प्रश्न-पत्र केवल अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

6. प्रश्न-पत्र में किसी भी प्रकार के संदेह अथवा दुविधा की स्थिति में **अंग्रेजी** अनुवाद ही मान्य होगा।



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

# TOURISM

# पर्यटन

# (337)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

*Note* :
(i) There are 53 questions in all divided into three parts.
(ii) All questions are compulsory.
(iii) Marks for each question are indicated against it.
(iv) **Section–A** consists of—
*(a)* Q. Nos. **1** to **16**–Multiple Choice type questions (MCQs) carrying *1* mark each. Select and write the most appropriate option out of the four options given in each of these questions.
*(b)* Q. Nos. **17** to **30**–Objective type questions carrying *2* marks each (with 2 sub-parts of 1 mark each). Attempt these questions as per the instructions given for each of the questions.
(v) **Section–B** consists of—
*(a)* Q. Nos. **31** to **40**–Very Short Answer type questions carrying *2* marks each to be answered in the range of *30* to *50* words. An internal choice has been provided in some of these questions. You have to attempt only **one** of the given choices in such questions.
*(b)* Q. Nos. **41** to **44**–Short Answer type questions carrying *3* marks each to be answered in the range of *50* to *80* words. An internal choice has been provided in some of these questions. You have to attempt only **one** of the given choices in such questions.
*(c)* Q. Nos. **45** and **46** are Long Answer type questions carrying *6* marks each to be answered in the range of *80* to *120* words.
(vi) **Section–C** consists of—
*(a)* Q. Nos. **47** to **50**–Multiple choice type questions (MCQs) carrying *1* mark each. And Question No. **51** Objective type question carrying *2* marks.
*(b)* Q. Nos. **52** and **53** are Short Answer Type Questions carrying *3* marks each to be answered in the range of *50* to *80* words.
(vii) Questions have to be attempted either from Optional Module—I or Optional Module—II.

**निर्देश :**
(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 53 प्रश्न हैं, जो तीन भागों में विभाजित हैं।
(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।
(iv) **खण्ड–क**
*(a)* प्रश्न संख्या **1** से **16** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें और लिखें।


Unnati Educations
9899436384, 9654279279

(b) प्रश्न संख्या **17** से **30** तक वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है (1 अंक के 2 उप-भागों के साथ)। प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए निर्देशों के अनुसार इन प्रश्नों के उत्तर दें।

(v) **खण्ड–ख**

(a) प्रश्न संख्या **31** से **40**, 2 अंक के अति लघूत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर *30* से *50* शब्दों में देने हैं। इनमें से कुछ प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में आपको केवल **एक** विकल्प का ही उत्तर लिखना है।

(b) प्रश्न संख्या **41** से **44**, 3 अंक के लघूत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर *50* से *80* शब्दों में देने हैं। इनमें से कुछ प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में आपको केवल **एक** विकल्प का ही उत्तर लिखना है।

(c) प्रश्न संख्या **45** और **46** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है जिनके उत्तर *80* से *120* शब्दों में देने हैं।

(vi) **खण्ड–ग**

(a) प्रश्न संख्या **47** से **50**, 1 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या **51** वस्तुनिष्ठ प्रकार का प्रश्न है, जो 2 अंक का है।

(b) प्रश्न संख्या **52** एवं **53**, 3 अंक के लघूत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर *50* से *80* शब्दों में देने हैं।

(vii) दिए गए वैकल्पिक मॉड्यूल–I और वैकल्पिक मॉड्यूल-II में से केवल **एक** विकल्प का ही उत्तर देना है।

(1) Answers of all questions are to be given in the Answer-Book given to you.
सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 2:15 p.m. From 2:15 p.m. to 2:30 p.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the Answer-Book during this period.
इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। दोपहर 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

## SECTION—A

### खण्ड–क

Choose the most appropriate option out of the *four* options given below : 1×16=16

दिए गए **चार** विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

**1.** Which one of the following is a positive socio-cultural impact of tourism? 1

(A) It reduces the bonding of family structure

(B) Erosion of local language and dialect

(C) It reinforces the concept of nuclear family

(D) Through exchange of ideas and traditions people develop mutual sympathy and understanding towards each other



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

निम्नलिखित में से कौन-सा एक पर्यटन का सकारात्मक सामाजिक-सांस्कृतिक प्रभाव है?

(A) पारिवारिक संरचना के बंधन को कम करता है

(B) स्थानीय भाषा और बोली अपनी शुद्धतायुक्त पहचान खो रही है

(C) यह एकाकी परिवार की मान्यता को बल देता है

(D) विचारों एवं परंपराओं के विनिमय के कारण लोग एक-दूसरे के प्रति परस्पर सहानुभूति और समझ विकसित करते हैं

**2.** Which one of the following is ***not*** a positive environmental impact of tourism? 1

(A) Cleanliness drive is taken up to attract more and more tourists

(B) Greater environmental protective measures are adopted

(C) Landslides are widespread in such areas because of human intervention

(D) Ecological balance maintenance becomes an important objective to preserve the ecosystem

निम्नलिखित में से कौन-सा एक पर्यटन का सकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव **नहीं** है?

(A) सफाई अभियान अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए संचालित किया जाता है

(B) अधिक से अधिक पर्यावरणीय सुरक्षात्मक उपायों को अपनाया जाता है

(C) ऐसे क्षेत्रों में मानव हस्तक्षेप के कारण भूस्खलन विस्तृत रूप से देखा जाता है

(D) पारिस्थितिक संतुलन अनुरक्षण पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करने के लिए महत्त्वपूर्ण उद्देश्य बन जाता है

**3.** Which one of the following statements about longitudes is ***not*** correct? 1

(A) It is an imaginary line which runs from North Pole to South Pole.

(B) It is distance in degrees east or west of the prime meridian.

(C) Points east of prime meridian are numbered from 0° to 180° west.

(D) All lines of longitude cut lines of latitude at 90° (right angle).

देशान्तरों के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(A) यह एक काल्पनिक रेखा है जो उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव तक खींची है।

(B) यह प्रधान मध्याह्न रेखा से पूर्व या पश्चिम की ओर दूरी अंशों में होती है।

(C) प्रधान मध्याह्न रेखा के पूर्व में 0° से 180° पश्चिमी देशान्तर के रूप में गिने जाते हैं।

(D) देशान्तर की सभी रेखाएँ अक्षांश की रेखाओं को 90° (समकोण) पर काटती हैं।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

4. If 360 degree is equal to 24 hours, then 30 degree will be equal to how much? 1

(A) One hour (B) Two hours

(C) Three hours (D) Four hours

अगर 360 डिग्री 24 घण्टे के बराबर है, तो 30 डिग्री कितने के बराबर होगा?

(A) एक घण्टा (B) दो घण्टे

(C) तीन घण्टे (D) चार घण्टे

5. Which cities are joined by Golden Triangle highway? 1

(A) Delhi, Agra and Jodhpur (B) Delhi, Agra and Udaipur

(C) Delhi, Jaipur and Jaisalmer (D) Delhi, Agra and Jaipur

स्वर्णिम त्रिभुज किन शहरों को जोड़ता है?

(A) दिल्ली, आगरा और जोधपुर (B) दिल्ली, आगरा और उदयपुर

(C) दिल्ली, जयपुर और जैसलमेर (D) दिल्ली, आगरा और जयपुर

6. What will happen if a tourist crosses International Date Line from west to east? 1

(A) One day is reduced (B) One day is added

(C) No change (D) None of the above

अगर एक पर्यटक अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा को पश्चिम से पूर्व की ओर पार करता है, तो क्या होगा?

(A) एक दिन घट जाएगा (B) एक दिन बढ़ जाएगा

(C) कोई परिवर्तन नहीं होगा (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

7. Who among the following was known as 'Tuti-e-Hind' (Parrot of India)? 1

(A) Tansen (B) Amir Khusrau

(C) Nayak Gopal (D) Haridas

निम्नलिखित में से किसको 'तूती-ए-हिन्द' (भारत का तोता) के रूप में जाना जाता था?

(A) तानसेन (B) अमीर खुसरो

(C) नायक गोपाल (D) हरिदास



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**8.** On which occasion popular dance of Gujarat 'Garba' is performed? 1

(A) Navratri (B) Diwali

(C) Holi (D) Dussehra

गुजरात का लोकप्रिय नृत्य 'गरबा' किस अवसर पर किया जाता है?

(A) नवरात्रि (B) दिवाली

(C) होली (D) दशहरा

**9.** At which one of the following places Buddha gave his first sermon? 1

(A) Kushinagar (B) Sarnath

(C) Gaya (D) Lumbini

निम्नलिखित स्थानों में से किस स्थान पर बुद्ध ने अपना पहला धर्मोपदेश दिया था?

(A) कुशीनगर (B) सारनाथ

(C) गया (D) लुम्बिनी

**10.** On which river Howrah Bridge is constructed? 1

(A) Ganga (B) Hooghly

(C) Kosi (D) Brahmaputra

हावड़ा ब्रिज किस नदी पर बनाया गया है?

(A) गंगा (B) हुगली

(C) कोसी (D) ब्रह्मपुत्र

**11.** Which one of the following sacred places is considered home of Lord Vishnu? 1

(A) Amarnath (B) Somnath

(C) Badrinath (D) Rameswaram

निम्नलिखित पवित्र स्थानों में से कौन-सा भगवान विष्णु का निवास स्थान माना जाता है?

(A) अमरनाथ (B) सोमनाथ

(C) बद्रीनाथ (D) रामेश्वरम



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

**12.** Mount Parsvanatha is a religious heritage site for which one of the following? 1

(A) Hindus (B) Buddhist

(C) Jains (D) Sikhs

माउंट पार्श्वनाथ निम्नलिखित में से किस धर्म का एक धार्मिक विरासत स्थल है?

(A) हिन्दू (B) बौद्ध

(C) जैन (D) सिक्ख

**13.** Which one of the following places is the birthplace of Guru Nanak? 1

(A) Hemkund Sahib (B) Patna Sahib

(C) Nankana Sahib (D) Paonta Sahib

निम्नलिखित स्थानों में से कौन-सा गुरु नानक का जन्मस्थान है?

(A) हेमकुण्ड साहिब (B) पटना साहिब

(C) ननकाना साहिब (D) पाउँटा साहिब

**14.** Which one of the following was the residence of Buddhist Monks? 1

(A) Gurukul (B) Vihara

(C) Griha (D) Parvat

इनमें से कौन-सा स्थान बौद्ध भिक्षुओं का निवास स्थान था?

(A) गुरुकुल (B) विहार

(C) गृह (D) पर्वत

**15.** Which one of the following States had the highest number of foreign tourists visiting in 2014? 1

(A) Maharashtra (B) Rajasthan

(C) Kerala (D) Tamil Nadu

2014 में निम्नलिखित में से किस राज्य में विदेशी पर्यटकों की संख्या सर्वाधिक थी?

(A) महाराष्ट्र (B) राजस्थान

(C) केरल (D) तमिलनाडु



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**16.** Which of the following points help in delivering a good speech? 1

(A) Convey the required information

(B) Use short and simple words

(C) Smile if it comes naturally

(D) During the presentation spoke anxiously without making eye contact.

एक अच्छा भाषण देने में निम्नलिखित में से कौन-सा बिन्दु सहायता करता है?

(A) वांछित सूचना देनी है

(B) छोटे तथा सरल शब्दों का प्रयोग करें

(C) यदि प्राकृतिक तौर पर मुस्कराहट आए तो मुस्कराएँ

(D) प्रस्तुतिकरण के दौरान चिंतायुक्त बिना नज़र मिलाए बोलें

**17.** Identify the given statements as True or False : 1×2=2

*(a)* All lines of longitude cut lines of latitude at 90° (right angle).

*(b)* Canada has three time zones.

दिए गए कथनों की सत्य या असत्य के रूप में पहचान कीजिए :

(क) देशान्तर की सभी रेखाएँ अक्षांश की रेखाओं को 90° (समकोण) पर काटती हैं।

(ख) कनाडा में तीन समय क्षेत्र हैं।

**18.** Answer in *one* word or *two* words : 1×2=2

*(a)* Which two cities are joined by North-South corridor?

*(b)* Which mode of transport has helped in promoting tourism?

**एक** या **दो** शब्दों में उत्तर दीजिए :

(क) उत्तर-दक्षिण गलियारा किन दो शहरों को जोड़ता है?

(ख) पर्यटन को बढ़ावा देने में किस प्रकार के परिवहन ने मदद की है?



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

**19.** Fill in the blanks : 1×2=2

*(a)* Nagaswaram is a unique musical instrument of _____.

*(b)* Ustad Amzad Ali Khan is a famous _____.

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(क) नागस्वरम _____ का अनोखा वाद्ययंत्र है।

(ख) उस्ताद अमजद अली खान प्रसिद्ध _____ हैं।

**20.** Match the Column—A with Column—B : 1×2=2

| *Column—A* | *Column—B* |
|---|---|
| *(a)* Tabla | *(i)* Ustad Bismillah Khan |
| *(b)* Shehnai | *(ii)* Ustad Zakir Hussain |
| | *(iii)* Ustad Amzad Ali Khan |
| | *(iv)* Ustad Pyare Khan |

स्तम्भ—अ का मिलान स्तम्भ—ब से कीजिए :

| **स्तम्भ—अ** | **स्तम्भ—ब** |
|---|---|
| *(a)* तबला | *(i)* उस्ताद बिसमिल्लाह खान |
| *(b)* शहनाई | *(ii)* उस्ताद जाकिर हुसैन |
| | *(iii)* उस्ताद अमजद अली खान |
| | *(iv)* उस्ताद प्यारे खान |

**21.** Fill in the blanks : 1×2=2

*(a)* The only temple dedicated to Lord Brahma is situated in _____.

*(b)* _____ temple is located in the mighty Trikuta Mountains.

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(क) ब्रह्माजी को समर्पित एकमात्र मन्दिर _____ में स्थित है।

(ख) _____ का मन्दिर महान त्रिकुटा पर्वतों में स्थित है।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**22.** Fill in the blanks : 1×2=2

*(a)* Prophet Muhammad got prophethood at the age of _____ in the year 610 AD.

*(b)* The Hijri era started in the year _____.

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(क) पैगम्बर मोहम्मद को वर्ष 610 ईस्वी में _____ वर्ष की आयु में पैगम्बरी प्राप्त हुई।

(ख) हिजरी युग की शुरुआत वर्ष _____ में हुई थी।

**23.** Identify the given statements as True or False : 1×2=2

*(a)* Brajbhoomi is associated with the God Ram.

*(b)* Buddha gave his first sermon at Lumbini.

दिए गए कथनों की सत्य या असत्य के रूप में पहचान कीजिए :

(क) ब्रजभूमि का सम्बन्ध भगवान राम से है।

(ख) बुद्ध ने अपना पहला धर्मोपदेश लुम्बिनी में दिया था।

**24.** Fill in the blanks : 1×2=2

*(a)* _____ situated in Nilgiri Hills is a very famous hill station of South India.

*(b)* The geographical _____ makes India a good place for adventurous tourism.

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(क) नीलगिरी पहाड़ियों में स्थित _____ दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध पहाड़ी क्षेत्र है।

(ख) भौगोलिक _____ भारत को साहसिक पर्यटन के लिए एक अच्छा स्थान प्रदान करती है।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**25.** Identify the given statements as True or False : 1×2=2

(a) Foreign tourist arrivals in India are continuously decreasing.

(b) Tourism is a smokeless industry with a unique quality of earning foreign exchange.

दिए गए कथनों की सत्य या असत्य के रूप में पहचान कीजिए :

(क) भारत में विदेशी पर्यटकों का आगमन लगातार कम हो रहा है।

(ख) पर्यटन एक धुआँरहित उद्योग है जिसकी विदेशी मुद्रा कमाने की अनोखी विशेषता है।

**26.** Fill in the blanks : 1×2=2

(a) _____ is supposed to be the most favoured destination for tourist by the year 2020.

(b) The ranking of India in world tourism improved from 38th position (2011) to _____ in 2015.

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(क) वर्ष 2020 तक पर्यटकों के लिए _____ को सर्वाधिक लोकप्रिय स्थल माना गया है।

(ख) विश्व पर्यटन में भारत की रैंकिंग 2011 की 38वाँ से 2015 में _____ हो गयी।

**27.** Identify the given statements as True or False : 1×2=2

(a) India is a major tourist destination among the South Asian nations.

(b) Tourism in India has not grown substantially since the beginning of 1990.

दिए गए कथनों की सत्य या असत्य के रूप में पहचान कीजिए :

(क) दक्षिण एशियायी देशों में भारत एक प्रमुख पर्यटक स्थल है।

(ख) भारत में 1990 के दशक के प्रारंभ से ही पर्यटन में वस्तुतः वृद्धि नहीं हुई है।

**28.** Fill in the blanks : 1×2=2

(a) People who are sociable assertive and enjoy more frequent social interaction are called _____.

(b) The tendency to experience unpleasant emotions easily such as anger, anxiety and depression is called _____.



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(क) जो लोग सामाजिक तथा अपनी बात खुलकर करने वाले तथा काफी सामाजिक मेलजोल पसन्द करते हैं, _____ कहलाते हैं।

(ख) बुरी या अप्रिय भावनाओं जैसे गुस्सा, चिंता तथा निराशा को भलीभाँति अनुभव करने या सँभालने की क्षमता से _____ का पता चलता है।

**29.** Identify the given statements as True or False : 1×2=2

*(a)* Marketing starts with the buyer and focuses on the needs of buyer.

*(b)* Marketing is a part of selling.

दिए गए कथनों की सत्य या असत्य के रूप में पहचान कीजिए :

(क) विपणन क्रेता से प्रारंभ होता है और क्रेता की आवश्यकताओं पर केन्द्रित होता है।

(ख) विपणन विक्रय का एक हिस्सा है।

**30.** Fill in the blanks : 1×2=2

*(a)* _____ is the latest and most effective in the advertising world.

*(b)* In the AIDAS model of promotion 'S' stands for _____.

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(क) _____ विज्ञापन की दुनिया में बिल्कुल नया और अधिक प्रभावशाली है।

(ख) विक्रय प्रोत्साहन के मॉडल AIDAS में 'S' का अर्थ है _____।

## SECTION—B

## खण्ड—ख

**31.** Describe any *two* features of tourist map. 2

पर्यटक मानचित्र की किन्हीं **दो** विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

***Or / अथवा***

Mention any *two* measures to boost tourism.

पर्यटन को बढ़ाने के लिए किन्हीं **दो** उपायों का उल्लेख कीजिए।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**32.** Explain any *two* facilities provided by Bharat Darshan special train to the tourist. 2

भारत दर्शन स्पेशल ट्रेन द्वारा पर्यटकों को उपलब्ध करायी जाने वाली किन्हीं **दो** सुविधाओं को स्पष्ट कीजिए।

**33.** Describe any *two* characteristics of the musical instrument 'Shehnai'. 2

संगीत वाद्ययंत्र 'शहनाई' की किन्हीं **दो** विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

***Or / अथवा***

Describe any *two* characteristics of the musical instrument 'Sarangi'.

संगीत वाद्ययंत्र 'सारंगी' की किन्हीं **दो** विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**34.** Write a short note on Carnatic music. 2

कर्नाटक संगीत पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

***Or / अथवा***

Write a short note on Indian theatre.

भारतीय रंगमंच पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

**35.** Distinguish between 'shadow puppet' and 'glove puppet'. 2

'परछाई कठपुतली' और 'दस्ताने वाली कठपुतली' में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

**36.** Explain any *two* characteristics of rock-cut temples. 2

चट्टान काटकर बनाए गए मन्दिरों की किन्हीं **दो** विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

**37.** Mention any *two* features of communication. 2

संप्रेषण के किन्हीं **दो** लक्षणों का उल्लेख कीजिए।

***Or / अथवा***

Mention any *two* advantages of oral communication.

मौखिक संप्रेषण के किन्हीं **दो** लाभों का उल्लेख कीजिए।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**38.** Explain any *two* objectives of meeting. 2

बैठक के किन्हीं **दो** उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए।

***Or / अथवा***

Explain agreeableness as a personality trait.

स्वीकार्यता को एक व्यक्तित्व के लक्षण के रूप में स्पष्ट कीजिए।

**39.** Examine any *two* disadvantages of written communication. 2

लिखित संप्रेषण की किन्हीं **दो** हानियों की परख कीजिए।

**40.** Elucidate the *four* stages of team development. 2

टीम विकास के **चार** चरणों को स्पष्ट कीजिए।

**41.** Describe any *three* features of trekking route map. 3

ट्रेकिंग मार्ग मानचित्र के किन्हीं **तीन** लक्षणों का वर्णन कीजिए।

***Or / अथवा***

Describe any *three* characteristics of road transportation.

सड़क परिवहन की किन्हीं **तीन** विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**42.** Analyze the role of railways in tourism development in India. 3

भारत में पर्यटन के विकास में रेलवे की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।

***Or / अथवा***

Explain the concept of sustainable tourism in *three* points.

स्थायी पर्यटन की अवधारणा की **तीन** बिन्दुओं में व्याख्या कीजिए।

**43.** Explain any *three* features of health tourism. 3

स्वास्थ्य पर्यटन के किन्हीं **तीन** लक्षणों की व्याख्या कीजिए।



**Unnati Educations**

**9899436384, 9654279279**

***Or / अथवा***

Explain any *three* attractions for the tourists at destination in the world.

विश्व में भ्रमण स्थलों पर पर्यटकों के लिए किन्हीं **तीन** आकर्षणों की व्याख्या कीजिए।

**44.** Explain any *three* points of significance of Shravanabelgola as a holy place for Jains. 3

जैनियों के पवित्र स्थान के रूप में श्रवणबेलगोला के महत्त्व के किन्हीं **तीन** बिन्दुओं की व्याख्या कीजिए।

**45.** Write an essay on the life and teachings of Vardhamana Mahavir. 6

वर्धमान महावीर के जीवन और शिक्षाओं पर एक निबन्ध लिखिए।

***Or / अथवा***

Write an essay on the life and teachings of Guru Nanak.

गुरु नानक के जीवन और शिक्षाओं पर एक निबन्ध लिखिए।

**46.** Explain any *six* factors affecting tourism in the world. 6

विश्व में पर्यटन को प्रभावित करने वाले किन्हीं **छः** कारकों की व्याख्या कीजिए।

***Or / अथवा***

Explain any *six* points of emerging dimension of Indian tourism.

भारतीय पर्यटन के उभरते आयाम के किन्हीं **छः** बिन्दुओं को स्पष्ट कीजिए।

## SECTION—C

## खण्ड—ग

### Optional Module—I (Travel and Tour Operation Business)

### वैकल्पिक मॉड्यूल—I (यात्रा एवं पर्यटन संचालन व्यवसाय)

**47.** Which one of the following was the first organized travel agent in the world? 1

(A) Jeena Tours and Travels (B) Lee and Muirhead

(C) Thomas Cook (D) TAAI



Unnati Educations

9899436384, 9654279279

विश्व का पहला व्यवस्थित यात्रा एजेंट निम्नलिखित में से कौन था?

(A) जीना टूर्स ऐण्ड ट्रैवल्स (B) ली ऐण्ड म्यूरहेड

(C) थॉमस कुक (D) टी०ए०ए०आइ०

**48.** Which one of the following tour operators handles domestic tourists travelling to foreign countries? 1

(A) Inbound tour operator (B) Outbound tour operator

(C) Domestic tour operator (D) Ground operator

विदेश की यात्रा पर जाने वाले घरेलू पर्यटकों का प्रबन्ध निम्नलिखित में से कौन-सा यात्रा संचालक करता है?

(A) अंतर्गामी यात्रा संचालक (B) बहिर्गामी यात्रा संचालक

(C) घरेलू यात्रा संचालक (D) स्थलीय संचालक

**49.** I plan sightseeing tours and excursion tours, airport transfer, check-in and check-out time in the hotel. Who am I among the following? 1

(A) Tour operator (B) Wholesale travel agency

(C) Retail travel agency (D) Online travel agency

मैं दृश्यावलोकन पर्यटन तथा भ्रमण पर्यटन, हवाई अड्डा से स्थानान्तरण, होटल में आगमन तथा होटल छोड़ने के समय की योजना बनाता हूँ। निम्नलिखित में से मैं कौन हूँ?

(A) यात्रा संचालक (B) थोक यात्रा एजेंसी

(C) खुदरा यात्रा एजेंसी (D) ऑनलाइन यात्रा एजेंसी

**50.** When was a separate Ministry of Tourism and Civil Aviation created in India? 1

(A) 1957 (B) 1967

(C) 1977 (D) 1987

भारत में पृथक् पर्यटन और नागर विमानन मंत्रालय की स्थापना कब हुई थी?

(A) 1957 (B) 1967

(C) 1977 (D) 1987



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**51.** Fill in the blanks : 1×2=2

*(a)* Tourist expects that tour to be organized as per the _____ mentioned in the tour package.

*(b)* Railneer bottle water is a product of _____.

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(क) पर्यटक अपेक्षा करता है कि यात्रा को उसी तरह से संचालित किया जाए जैसा कि उसे पैकेज खरीदते समय _____ के अन्तर्गत बताया गया था।

(ख) बोतल का पानी रेलनीर _____ का उत्पाद है।

**52.** Explain any *three* functions of travel agency. 3

यात्रा एजेंसी के किन्हीं **तीन** कार्यों की व्याख्या कीजिए।

**53.** Distinguish between retail travel agency and wholesale travel agency with example. 3

खुदरा यात्रा एजेंसी और थोक यात्रा एजेंसी में उदाहरण सहित अन्तर स्पष्ट कीजिए।

## Optional Module—II (Hospitality Management)

## वैकल्पिक मॉड्यूल—II (आतिथ्य प्रबन्धन)

**47.** On the basis of location, which one of these hotels is located far away from the city in forests, beach areas or hill stations? 1

(A) Downtown hotel

(B) Suburban hotel

(C) Airport hotel

(D) Resort hotel

अवस्थिति के आधार पर इनमें से कौन-सा होटल शहर से दूर जंगलों, समुद्री तटों या पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित होता है?

(A) शहर के निकट व्यावसायिक होटल

(B) अर्द्धशहरी होटल

(C) हवाई अड्डों पर होटल

(D) रिज़ॉर्ट होटल



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**48.** Which are the three important components of tourism industry? 1

(A) Appeal, accessibility and accommodation

(B) Attraction, availability and accommodation

(C) Attraction, accessibility and accommodation

(D) Appeal, availability and accommodation

पर्यटन उद्योग के तीन महत्त्वपूर्ण घटक कौन-से हैं?

(A) अपील, पहुँच और आवास

(B) आकर्षण, उपलब्धता और आवास

(C) आकर्षण, पहुँच और आवास

(D) अपील, उपलब्धता और आवास

**49.** Which one of the following is ***not*** a main function of front office in a hotel? 1

(A) To take advance booking for rooms

(B) To handle the phone calls of hotel

(C) To provide food to the staff of hotel

(D) To assign a room to the guest

निम्नलिखित में से कौन-सा होटल के फ्रंट ऑफिस का एक मुख्य कार्य **नहीं** है?

(A) कमरों के लिए अग्रिम बुकिंग लेना

(B) होटल की फोन कॉल्स को सुनना

(C) होटल के कर्मचारियों को भोजन उपलब्ध कराना

(D) अतिथियों को कमरे देना

**50.** Which one of these is a popular Hyderabadi cuisine? 1

(A) Mirchi ka salan

(B) Dal Makhni

(C) Butter chicken

(D) Khichu

निम्नलिखित में से कौन-सा हैदराबाद का लोकप्रिय व्यंजन है?

(A) मिर्ची का सालन

(B) दाल मखनी

(C) बटर चिकेन

(D) खीचू

**51.** Identify the given statements as True or False : 1×2=2

*(a)* Thai food is light and the herbs and spices used as common ingredients have medicinal value.

*(b)* Hotels operate twenty four hours a day for five days a week.



**Unnati Educations**

**9899436384, 9654279279**

दिए गए कथनों की सत्य या असत्य के रूप में पहचान कीजिए :

(क) थाई भोजन हल्के और सामान्य रूप से प्रयोग होने वाली सामग्री जैसे जड़ी-बूटी तथा मसालों से तैयार औषधीय विशेषताएँ लिए हुए होती हैं।

(ख) होटल दिन में 24 घण्टे और सप्ताह में पाँच दिन संचालित होते हैं।

**52.** Explain any *three* expectations of guests during their arrival at the hotel. 3

होटल में आगमन के समय अतिथियों की किन्हीं **तीन** अपेक्षाओं को स्पष्ट कीजिए।

**53.** Distinguish between 'Bell desk' and 'Concierge' in a hotel with example. 3

किसी होटल में 'बेल डेस्क' और 'कंसीर्ज' (दरबान) के बीच उदाहरण सहित अन्तर स्पष्ट कीजिए।

★ ★ ★



Unnati Educations
9899436384, 9654279279